Title: Need for construction of an over-bridge at Kutubgarh railway gate on Rewari - Narnaul Highway in Haryana.

डॉ.(श्रीमती) सुधा यादव (महेन्द्रगढ) : अध्यक्ष महोदय, रेवाड़ी हरियाणा राज्य के महेन्द्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में आता है। इस ओर से दिल्ली-रेवाड़ी-खेतड़ी स्टेट हाईवे होकर जाता है। यहां से विभिन्न दिशाओं में रेलगाड़ियों का आवागमन है। यह बहुत ही व्यस्त रेल मार्ग है। इसके आस-पास 600 गाँव हैं जो कि इस रेलवे स्टेशन से जुड़े हैं, किन्तु इस मार्ग पर कुतुबपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज न होने के कारण इस मार्ग पर घंटों जाम लगा रहता है, जिसके कारण यहां के नागरिकों, नौकरी करने वालों, पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों तथा बीमार लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहती हूँ कि नागरिकों की भारी कठिनाई को ध्यान में रखते हुए इस राजमार्ग की व्यस्तता और महत्व को देखते हुए रेवाड़ी-नारनौल राजमार्ग पर कुतुबपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कट करें।